दिल्ली हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक और कड़ा रुख अपनाते हुए मशहूर रैपर हनी सिंह और बादशाह के पुराने विवादित गाने 'माफिया मुंडीर' (वॉल्यूम 1) को लेकर बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने साफ कहा है कि इस गाने को यूट्यूब और स्पॉटिफाई जैसे तमाम डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से तुरंत हटा दिया जाए। 2000 के दशक का यह गाना लंबे समय से अपने लीरिक्स और कॉन्टेंट को लेकर विवादों में रहा है, लेकिन अब कोर्ट ने इस पर कानूनी हथौड़ा चला दिया है। हाईकोर्ट के जज ने मामले की सुनवाई के दौरान इस गाने की कॉन्टेंट पर गहरी नाराजगी और चिंता जताई। जज ने हनी सिंह और बादशाह को फटकार लगाते हुए कहा कि इस गाने के बोल बेहद अश्लील, अभद्र और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले हैं। जज ने कड़े शब्दों में कहा कि इस गाने ने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। कोर्ट का कहना है कि कोई भी सभ्य समाज ऐसे कंटेंट को इंटरनेट पर मौजूद रहने की अनुमति नहीं दे सकता जो महिलाओं के प्रति इतना अपमानजनक और भद्दा हो।



### नए कलाकारों के लिए सीख

यह फैसला डिजिटल स्पेस में मौजूद कॉन्टेंट की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सालों पहले रिलीज हुए इस गाने पर कोर्ट का यह कमेंट उन कलाकारों के लिए भी एक मैसेज है जो अपने काम में अभद्रता परोसते हैं। अब देखना यह है कि सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स इस आदेश का कितनी जल्दी पालन करते हैं और क्या आने वाले समय में ऐसे अन्य गानों पर भी इसी तरह की कार्रवाई होगी।

# संवाद और सहयोग से भारत और रूस के संसदीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे: लोकसभा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रशियन फेडेरेशन की फेडरल एसेम्बली की फेडेरेशन काउंसिल के फर्स्ट डेप्युटी स्पीकर, व्लादिमिर याकुशेव के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए रूस के संसदीय शिष्टमंडल ने आज संसद भवन में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। रूसी शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए, अध्यक्ष बिरला ने याकुशेव को फेडरेशन काउंसिल के संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष के रूप में उनके चुनाव पर बधाई दी। उन्होंने उल्लेख किया कि यह चुनाव भारत के साथ संसदीय सहयोग बढ़ाने के प्रति रूस की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



इस बात पर जोर देते हुए कि संवाद और सहयोग से भारत और रूस के संसदीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे, बिरला ने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी परस्पर विश्वास पर आधारित है और समय की कसौटी पर खरी उतरी हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि भारत की स्वतंत्रता के बाद से, रूस इसके सबसे करीबी और विश्वसनीय भागीदारों में से एक रहा है, और दोनों देशों के लोगों के बीच मित्रता और सहयोग पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है।

दोनों पक्षों ने अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू), ब्रिक्स संसदीय मंच और जी-20 जैसे बहुपक्षीय संसदीय मंचों पर सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। लोकसभा अध्यक्ष ने वैश्विक चुनौतियों का सामूहिक रूप से समाधान करने के लिए सहयोग की भावना को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। चर्चा के दौरान रक्षा, व्यापार और आर्थिक सहयोग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर भी प्रकाश डाला गया।

**खास बातें**

- रूस के संसदीय शिष्टमंडल ने आज संसद भवन में लोक सभा अध्यक्ष बिरला से भेंट की
- बिरला ने संसदीय राजनय को और मजबूत करने तथा भारत और रूस के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों पर विचार करने का आह्वान किया

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**आफिस स्टॉफ**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- बलौदाबाजार शा. कार्यालय हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर 19, ड्राइवर 1, रायपुर हेतु सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 15, फील्ड अधिकारी 5, वेतन योग्यतानुसार संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (RO-01)

**सिक्योरिटी गार्ड**

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर फील्ड आफिसर, कम्प्यूटर आपरेटर' की आवश्यकता है। रायपुर महासमुंद और रायगढ मे संपर्क- 9201958117, 9201958114, 7869230888.(RO-6616)

**आफिस कार्य**

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है । वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 79998-47673 समय 12 से 5 तक (आरो नं.-244)

**आफिस बॉय**

आवश्यकता है-जेल रोड, रायपुर में ऑफिस कार्यों के लिए ऑफिस बॉय (चपरासी) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट व शराब-गुटखा आदि का सेवन न करने वाले ही संपर्क करें। संपर्क: 8839812454. (RO-7250)

आवश्यकता है- ऑफिस बॉय की, रियल एस्टेट कंपनी हेतु। उम्मीदवार मेहनती, जिम्मेदार हो एवं सफाई, फाइल संभालने व सहयोग कार्य में सक्षम हो। अनुभव को प्राथमिकता। इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें। पता: करेंसी टॉवर, रायपुर 7970010958.(RO-5296)

**आफिस कार्य**

आवश्यकता है- क्लिनीक / ऑफिस में कार्य हेतु, आठवीं / दसवीं पढ़े लिखे लड़की एवं लड़के की आवश्यकता है, स्थायी निवासी को प्राथमिकता वेतन 8000 से 10000 योग्यतानुसार मिलने का समय- सुबह 10 बजे से 1 बजे तक मो.- 9303242200, 7987365434 पता:- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे दुर्ग (छ.ग.) (आरो -4144)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर इंदौर देवास रीवा शहडोल मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट संपर्क - 6268044316, 9201024747. (RO-351)

**मशीन ऑपरेटर**

आवश्यकता है- गुढियारी पहाडी चौक रायपुर में वायर कटिंग मशीन चलाने हेतु लड़को की आवश्यकता है। रोजी- 500 रू सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक BSNL ऑफिस के पास। फोन- 0771- 4095884. (RO-836)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- सब्जी फॉर्म हेतु मार्केटिंग बॉय की आवश्यकता है। फैमिली वाला छोटा परिवार पढ़ा लिखा ईमानदार होना चाहिए। देवेंद्र नगर में रहने की सुविधा दी जाएगी पता- C-96 सेक्टर-2 देवेंद्र नगर रायपुर संपर्क करें- 98261-26402. (RO-6620)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान के लिए जरुरतमंद लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क भाव्या ट्रेडर्स, नवभारत प्रेस के सामने, शहीद स्मारक काम्प्लेक्स, रायपुर मोब. 8819935000. (RO-507)

आवश्यकता है- डी.के. ट्रेडर्स में चार कर्मचारी (महिला एवं पुरुष) दसवीं, बारहवीं पास मेहनती लोगों की आवश्यकता है। वेतन- 9000-13000, सम्पर्क करें - लिंक रोड कैम्प -2 भिलाई, मो.- 70000-87765 (आरो -245)

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवको की आवश्यक है। संपर्क - मनन इंटरप्राइजेज,विधानसभा रोड,मोवा ,थाने के सामने,रायपुर। मोबाइल : 9827109679. (RO-meet.)

**सेल्समैन/अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु सेल्समैन, महिला एवं टैली अकाउंटेंट (फीमेल) की आकर्षक वेतन संपर्क करें राजेश होजरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201.(RO-189)

**हेल्पर**

आवश्यकता है - चॉकलेट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता-बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534.(RO-40401)

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- इंडो चेन्स रायपुर प्रा.लि. भनपुरी में सिक्योरिटी ऑफिसर हेतु भूतपूर्व सैनिकों / सीआरपीएफ/बीएसएफ जवानों की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध । खाने व बाइक का इंतजाम स्वयं करना होगा । सैलरी 30000 से 35000 प्रतिमाह । न्यूनतम आयु 40 वर्ष। ड्यूटी टाइम - 12 घंटे प्रतिदिन , महीने में कोई छुट्टी नहीं दी जाएगी । संपर्क समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक - 96447-20222. (RO-28)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से संचालित लक्ष्यगत हस्ताक्षेप परियोजना के अंतर्गत प्रतिज्ञा विकास संस्थान माईग्रेंट परियोजना भिलाई (छ.ग.) में निम्न पदो की आवशयकता है एम.एण्ड.ई कम अकाउंटेट-1 पद, योग्यता- एम.कॉम या बीं कॉम + पीजीडीसीए, वेतन 16000 + 600 टी.ए., व ORW -1, योग्यता- स्नातक, वेतन 10500+1500 स्थान:- MIG -706, प्रतिज्ञा विकास संस्थान शासकीय नवीन माध्यमिक शाला के पीछे पदमानभपुर दुर्ग (छ.ग.) साक्षात्कार दिनांक- 04.04.2026 मो.नं.- 9131496345, 9770762822. (आरो-4145)

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- रायपुर छ.ग. में टेलीकॉलर एवं ऑफिस कार्य हेतु 08 लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन - 12000-25000 तक। योग्यता- स्नातक एवं कंप्यूटर की जानकारी होना अनिवार्य है। संपर्क करें- +91 8305308100. (RO-845)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**अन्य**

आवश्यकता है- लड़कों एवं लड़कियों की अनपढ़ से ग्रेजुएट्स एयरपोर्ट जॉब हेल्पर, सुपरवाइजर, चेकर लोडर, ग्राउंड स्टाफ, सैलरी रु 28500/- रु 48500/- रहना/ खाने की सुविधा) 7838025061. (RO-1369)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- मोवा थाना से 200 मीटर ग्रींडलेबिहार कैंपस 3 तल ग्राउण्ड, पार्किंग, प्रथम, द्वितीय कुल 2300Sqft नवनिर्मित गृह प्रवेश हेतु तैयार मकान खरीददार ही संपर्क करें - 9981575565, 9926111099. (RO-6621)

मकान बेचना है- 3700 स्क्वायर फीट में 2700 स्क्वायर फीट आरसीसी कंस्ट्रक्शन 20 फीट हाइट वेयरहाउस बैंक के लिए उपयोगी लेट बाथ समेत मकान बेचना है। बंजारी मंदिर के पीछे मेंन रोड मोबाइल नंबर 93312-81710. (RO-4095)

**वाहन**

सेंट्रो कार बेचना है- मॉडल 2010/ 2011 रेट 1,30000/- (एक लाख तीस हजार) संपर्क करें- सुनील बर्मन रिंग रोड नंबर1 रायपुरा चौक मो.नं.- 7477222455 P.L यदु 9754685471 महामाईपरा 8823780696 रायपुर (RO-6622)

**For Rent किराया**

For Rent/ Lease- For lease transfer- 3B, Street 18 Sector 4 Bhilai. Plot / Plinth 5150/1370 sqft. Not under plant expansion area. Contact Prakhar Pandya 9375798674 / 9033074041WA (RO-49464)



CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## खबर संक्षेप



### साई पैरेंटरल्स का शेयर बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** विविध 'फार्मास्यूटिकल फॉर्म्युलेशन' कंपनी साई पैरेंटरल्स लिमिटेड का शेयर अपने 392 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले तीन प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचबीद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 405 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 3.32 प्रतिशत अधिक है। वहीं एनएसई पर शेयर ने 400 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की जो 2.04 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है।

### पावरिका का शेयर 7 फीसदी गिरावट के साथ सूचीबद्ध



**दिल्ली।** पावर सॉल्यूशन प्रदाता पावरिका लिमिटेड का शेया अपने निर्गम मूल्य 395 रुपये के मुकाबले सात प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर 366 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 7.34 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। बीएसई पर इसने निर्गम मूल्य से 5.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 375 रुपये पर कारोबार की शुरुआत की। एनएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,684.95 करोड़ रुपये रहा।

### एसएलसीएम का आईपीओ लाने दस्तावेज जमा




**नई दिल्ली।** कृषि भंडारगृह कंपनी सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट (एसएलसीएम) ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए गोपनीय तरीके से अपने दस्तावेज जमा किए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक सार्वजनिक सूचना में बताया कि उसने बाजार नियामक सेबी और शेयर बाजारों के समक्ष अपने प्रस्तावित आईपीओ के संदर्भ में दस्तावेज जमा कर दिए हैं। कृषि लॉजिस्टिक में प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं देने वाली इस कंपनी ने गोपनीय तरीके से दस्तावेज जमा करने का विकल्प चुना है।

### एसएचआर तीन साल में 300 से अधिक श्री स्टोर खोलेगी



**नई दिल्ली।** पारंपरिक परिधान ब्रांड 'श्री' का संचालन करने वाली कंपनी एसएचआर लाइफस्टाइल देशव्यापी विस्तार योजना के तहत अगले तीन साल में अपने खुदरा नेटवर्क को दोगुना से अधिक कर लगभग 300 स्टोर तक पहुंचाने की योजना बना रही है। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, खुदरा नेटवर्क के इस विस्तार की मदद से वह वर्ष 2030 तक अपने राजस्व को कई गुना बढ़ाकर 900 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। जो वर्तमान में 150 करोड़ रुपये है।

### अल्केम नई इकाई में निवेश बढ़ाकर करेगी 1036 करोड़



**नई दिल्ली।** अल्केम लैबोरेटरीज लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में प्रस्तावित नई फॉर्म्युलेशन विनिर्माण इकाई के लिए निवेश लगभग दोगुना कर 1,036 करोड़ रुपये करने की घोषणा की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि निदेशक मंडल ने उज्जैन में विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए निवेश को 533 करोड़ रुपये से चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 1,036 करोड़ रुपये करने की दो अप्रैल को मंजूरी दी है।

# अमेरिका में 90 लाख नौकरियों पर एआई का साया! रिपोर्ट से उड़ी प्रोफेशनल्स की नींद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


दुनिया तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ओर बढ़ रही है, लेकिन इसके साथ ही रोजगार को लेकर एक बड़ी चिंता भी सामने आ रही है। अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तेजी से अर्थव्यवस्था, उद्योग और रोजगार के स्वरूप को बदल रहा है। टेक्नोलॉजी के इस विस्तार ने जहां नए अवसर पैदा किए हैं, वहीं कई पारंपरिक नौकरियों पर खतरा भी बढ़ा है।

अमेरिका एआई डेवलपमेंट में दुनिया के अग्रणी देशों में है। गूगल, माइक्रोसिफ्ट, ओपनएआई और मेटा जैसी कंपनियां एआई के क्षेत्र में बड़े स्तर पर काम कर रही हैं। इस बीच अमेरिका की टफ्टस यूनिवर्सिटी की एक ताजा स्टडी आई है। स्टडी में जो रिजल्ट सामने आया है, उसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। यह रिपोर्ट अमेरिका एआई जॉब रिस्क इंडेक्स पर आधारित है, जिसमें 700 से ज्यादा पेशों का विश्लेषण कर यह समझने की कोशिश की गई है कि कौन-सी नौकरियां सबसे ज्यादा जोखिम में हैं।

**अमेरिका की टफ्टस यूनिवर्सिटी की एक ताजा स्टडी से मची हलचल**

### दो से पांच वर्षों में होगी प्रभावित

रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले 2 से 5 वर्षों में करीब 90 लाख नौकरियां एआई के कारण प्रभावित हो सकती हैं।अमेरिका की टफ्टस यूनिवर्सिटी की यह स्टडी सिर्फ एक सामान्य रिपोर्ट नहीं है, बल्कि एआई और नौकरियों के भविष्य को समझने के लिए बनाई गई एक डेटा-आधारित मॉडलिंग स्टडी है। इसे अमेरिकन एआई जॉब रिस्क इंडेक्स कहा जाता है, जिसे यूनिवर्सिटी के रिसर्च सेंटर ने तैयार किया है।



### व्हाइट कॉलर नौकरियां भी होगी प्रभावित

यूनिवर्सिटी की यह स्टडी एक प्रकार की खतरे की घंटी है जो चेतावनी देती है कि आने वाले समय में नौकरी का संकट सिर्फ मजदूर वर्ग तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्हाइट कॉलर नौकरियों को भी प्रभावित करने वाला है। स्टडी के अनुसार आने वाले 2 से पांच साल में करीब 9.3 मिलियन (लगभग 90 लाख) नौकरियां खतरे में आने वाली हैं और इनमें हर सेक्टर शामिल है।

### आर्थिक असर कितना बड़ा होगा?

इस बदलाव का आर्थिक असर भी बेहद बड़ा हो सकता है। 200 अरब डॉलर से लेकर 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक आय पर असर, कंपनियों में हायरिंग कम होने की संभावना, एंट्री-लेवल जॉब्स सबसे पहले प्रभावित, एआई के कारण कंपनियां कम कर्मचारियों में ज्यादा प्रोडक्टिविटी हासिल कर रही हैं, जिससे नई भर्तियों पर असर पड़ रहा है। अपनी नौकरी सुरक्षित रखने के लिए अब प्रोफेशनल्स को अब मल्टी-स्किलिंग की दिशा में भी काम करना चाहिए, यानी एक से ज्यादा स्किल्स सीखकर खुद को ज्यादा उपयोगी बनाना होगा।

## रुपया 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर पर

# आरबीआई के फैसले से रुपए की बदली तस्वीर, 12 साल में सबसे बड़ी तेजी दर्ज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कड़े कदमों के बाद बृहस्पतिवार को रुपये में कई वर्षों की सबसे बड़ी एकदिवसीय तेजी दर्ज की गई और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 156 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.62 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 188 पैसे चढ़कर 92.82 के उच्चस्तर तक पहुंच गया।

**मुद्रा विनिमय बाजार में 94.62 पर भाव खुला था**

सत्र के अंत में यह 156 पैसे यानी 1.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93.14 प्रति डॉलर पर रहा। इससे पहले, रुपया सोमवार को 95 के स्तर के पार चला गया था। शुक्रवार को यह 94.84 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। हालांकि, उसके बाद आरबीआई की तरफ से उठाए गए कई कदमों ने इसे समर्थन दिया।

### बैंकों के लिए रुपए में सीमा 10 करोड़ डालर तय

आरबीआई ने 27 मार्च, 2026 को जारी परिपत्र के जरिये बैंकों के लिए रुपये में नेट ओपन पोजिशन की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय कर दी और 10 अप्रैल तक इसका अनुपालन अनिवार्य कर दिया। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने बैंकों को ऑनशोर फॉरवर्ड बाजार में गैर-वितरणीय डेरिवेटिव अनुबंध देने से भी रोक दिया है।



### विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध दोबारा नहीं होंगे शुरू

आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी रद्द किए गए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध को दोबारा बुक करने की अनुमति नहीं होगी। इन कदमों का उद्देश्य रुपये पर सट्टा दबाव को कम करना है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि इन नियामकीय कदमों के चलते बैंकों को अपनी ओपन पोजिशन कम करने के लिए डॉलर की बिक्री करनी पड़ी, जिससे रुपये को मजबूती मिली।

### 10 अप्रैल तक डॉलर की बिकवाली जारी रहने का अनुमान

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि यह 12 वर्षों के भीतर किसी एक कारोबारी सत्र में रुपये की सबसे बड़ी बढ़त है। इसके साथ 10 अप्रैल की समयसीमा तक बैंकों की ओर से डॉलर बिकवाली जारी रहने का अनुमान है। चौधरी ने कहा, ''हालांकि, विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है।''

### कच्चे तेल के महंगा होने का पड़ा असर

विदेशी मुद्रा बाजार मंगलवार को महावीर जयंती के कारण बंद रहे, जबकि बुधवार को बैंकों के वार्षिक लेखा समापन के चलते कारोबार नहीं हुआ। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.60 प्रतिशत बढ़कर 100.05 पर रहा। इस बीच, लगातार बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की वजह से अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.84 प्रतिशत चढ़कर 108 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया।

### रुपए में चार फीसदी से अधिक गिरावट आई

ईरान युद्ध की वजह से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से रुपये की कीमत में 28 फरवरी से चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुआ है। इस बीच, घरेलू शेयर बाजार में तेजी रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 8,331.15 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

# सेबी का शेयर पुनर्खरीद की मंजूरी दोबारा देने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने कर ढांचे में बदलाव के बाद कंपनियों को शेयर पुनर्खरीद के लिए स्टॉक एक्सचेंज के जरिये खुले बाजार से खरीद की अनुमति फिर से देने का बृहस्पतिवार को प्रस्ताव रखा।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने परामर्श पत्र में कहा है कि पुनर्खरीद का यह तरीका दोबारा शुरू करने से कंपनियों को पुनर्खरीद का एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। इसके साथ ही सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए समान अवसर और कराधान का और तरीका भी सुनिश्चित होगा।

- कंपनियां खुले बाजार से शेयर की पुनर्खरीद कर पाएगी

स्टॉक एक्सचेंज के जरिये शेयरों की पुनर्खरीद को एक अप्रैल, 2025 से बंद कर दिया गया था। ऐसी आशंका थी कि 'कीमत-समय मिलान प्रणाली' के कारण कुछ निवेशक पुनर्खरीद का बड़ा हिस्सा हासिल कर लेते हैं, जबकि अन्य इच्छुक निवेशक इससे वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा, पुराने कर ढांचे में शेयरधारकों के बीच कर संबंधी असमानता भी थी।



### वैश्विक बाजारों में होता है इस्तेमाल

सेबी ने यह भी कहा कि वैश्विक बाजारों में खुले बाजार के जरिये पुनर्खरीद का तरीका व्यापक रूप से इस्तेमाल होता है और इससे बेहतर मूल्य की तलाश, तरलता और पूंजी आवंटन की दक्षता बेहतर होती है। फिक्की और भारतीय निवेश बैंकर संघ (एआईबीआई) जैसे उद्योग संगठनों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। उनका कहना है कि इससे बाजार में बिकवाली का दबाव कम करने और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### पुनर्खरीद के लिए अलग खिड़की की व्यवस्था संभव

इस प्रस्ताव के तहत स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से पुनर्खरीद के लिए अलग 'खिड़की' उपलब्ध कराई जा सकती है। सेबी ने इस पर 23 अप्रैल तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

**बिजनेस साइट**

# इट्सा हॉस्पिटल्स में हाई रिस्क हिप सर्जरी सफल

**रायपुर।** चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए इट्सा हॉस्पिटल्स में बुजुर्ग महिला की हाई-रिस्क हिप सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गई। मरीज को घर पर गिरने से इंटरट्रोकेन्टरिक फीमर फ्रेक्चर हो गया था। अत्यधिक आयु और कमजोर हृदय कार्यक्षमता के कारण यह केस चिकित्सकीय रूप से अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण माना जा रहा था। सर्जरी का नेतृत्व कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. स्वयम प्रकाश त्रिपाठी ने किया, जिन्हें जटिल ट्रॉमा और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में विशेषज्ञता प्राप्त है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों में हिप फ्रेक्चर अक्सर ऑस्टियोपोरोसिस के कारण होता है और यह उनकी गतिशीलता पर गंभीर असर डालता है। यह पूरी प्रक्रिया अस्पताल के निदेशक डॉ. राजकुमार बरनवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। ऑपरेशन से पूर्व मरीज को मल्टीडिसिप्लिनरी टीम द्वारा तैयार किया गया, जिसमें डॉ. ऋचा कश्यप और डॉ. अक्षत जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. अवनी तिवारी ने संभाली, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया के दौरान मरीज की सतत निगरानी की। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि समय पर सर्जरी नहीं की जाती तो मरीज को निमोनिया, बेडसोर और संक्रमण जैसे गंभीर खतरे हो सकते थे।



# चांदी 9,000 रुपए लुढ़की सोना 3,500 रुपए टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई। चांदी की कीमत 9,000 रुपये लुढ़ककर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि घरेलू बाज़ार में सुस्ती के माहौल के बीच सोना 3,500 रुपये टूटकर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत में 9,000 रुपये, या 3.66 प्रतिशत की गिरावट आई और यह पिछले बंद भाव 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम से लुढ़ककर 2,37,000 रुपये (सभी करों सहित) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 3,500 रुपये, या 2.26 प्रतिशत की गिरावट आई। यह 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बहुप्रतीक्षित संबोधन से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को सुलझाने के संबंध में बहुत कम स्पष्टता मिल पाई।''



ट्रंप ने कहा कि युद्ध के संबंध में अमेरिका के मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने के करीब हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने ईरान को अगले 2-3 सप्ताह में संभावित सैन्य हमलों की चेतावनी भी दी। गांधी ने कहा कि इससे संघर्ष के और बढ़ने का डर बढ़ गया है, जिससे इसके जल्द समाधान की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं और होर्मुज़ जलडमरूमध्य से ऊर्जा प्रवाह में होने वाली बाधाएं और लंबे समय तक जारी रहने की आशंका बढ़ गई है।

### वैश्विक बाजार में चांदी 7.32 फीसदी टूटी

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाज़िर चांदी 5.49 डॉलर, या 7.32 प्रतिशत टूटकर 69.57 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 166.79 डॉलर या 3.51 प्रतिशत टूटकर 4,591.52 डॉलर प्रति औंस रह गया।

**बाजार शुरूआती गिरावट से उबरने में रहा सफल**

# रुपए में जोरदार उछाल से सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा


एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला।

- निवेशकों ने आईटी और बैंक शेयरों में की खरीदारी

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया।

एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया।





पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 33.70 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,700 अंक के ऊपर 22,713.10 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 496.85 अंक यानी 2.19 प्रतिशत लुढ़क गया था लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 22,782.30 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### आईटी शेयर रहे लाभ में

आईटी शेयरों में लिवाली के कारण तेजी को समर्थन मिला। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी इंडिया, टाइटन, एक्सिस बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., कोटक महिंद्रा बैंक और आईटीसी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### रिलायंस, एनटीपीसी रहे नुकसान में

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, इटर्नल, सन फार्मास्युटिकल्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील शामिल हैं।

# एनएमडीसी ने अब तक सर्वाधिक 53 मीट्रिक टन उत्पादन के साथ रचा इतिहास

**हैदराबाद।** एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2026 में 53.15 मीट्रिक टन लौह अयस्क उत्पादन कर नया इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही कंपनी देश में 50 मीट्रिक टन वार्षिक उत्पादन का आंकड़ा पार करने वाली पहली खनन कंपनी बन गई है। मार्च 2026 में कंपनी ने 5.35 मीट्रिक टन उत्पादन और 5.90 मीट्रिक टन बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 51% और 40% अधिक है। कुल बिक्री भी 13% बढ़कर 50.23 मीट्रिक टन पहुंच गई। छत्तीसगढ़ के किरंदुल व बचेली तथा कर्नाटक के दोणिमलै खदानों के मजबूत प्रदर्शन ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई। दुबई में अंतरराष्ट्रीय कार्यालय, झारखंड में कोयला खदान संचालन और बैलाडीला में नई परियोजना से कंपनी की विस्तार रणनीति को गति मिली है। सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने इसे भारत के खनन क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि कंपनी 2030 तक 100 मीट्रिक टन क्षमता हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।



### अमेरिका में बेरोजगारी लाभ के आवेदनों में गिरावट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बेरोजगारी लाभ के लिए आवेदनों में पिछले सप्ताह गिरावट दर्ज की गई। ईरान युद्ध के कारण श्रम बाजार में नरमी और ऊर्जा की बढ़ती लागत के बावजूद छंटनी का स्तर अभी भी कम बना हुआ है। श्रम विभाग ने बृहस्पतिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि 28 मार्च को समाप्त सप्ताह के लिए बेरोजगारी लाभ मांगने वाले अमेरिकियों की संख्या पिछले सप्ताह के 2.11 लाख से नौ हजार घटकर 2.02 लाख रह गई।

**आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों व बढ़ती कीमतों से 10 फीसदी आएगी गिरावट**

# पश्चिम एशिया संकट से सूरजमुखी तेल की बिक्री घटेगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों और बढ़ती कीमतों के चलते चालू वित्त वर्ष में भारत में रिफाइंड सूरजमुखी तेल की बिक्री में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट आने की संभावना है। बढ़ती कीमतों के कारण उपभोक्ता सस्ते विकल्पों की ओर रुख कर सकते हैं। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकाी दी गई है। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दोहरी चुनौतियों के कारण, जिनसे मांग पर असर पड़ेगा, चालू वित्त वर्ष में भारतीय रिफाइंड सूरजमुखी तेल की बिक्री में 10 प्रतिशत की गिरावट आने की संभावना है।

### लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि से कीमतें बढ़ी

